प्रेस नोट

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 10.05.2026 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः

- थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 158/26 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्ता 1. सुधा पत्नी राजकुमार कंजड़ उम्र 30 वर्ष व अभियुक्ता 2. पूजा पत्नी सुमित कंजड़ उम्र 20 वर्ष निवासीगण फरूख नगर गुडगाँव हरियाणा (वाँछित) को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा अभियुक्त राज पुत्र मान सिंह उम्र करीब 19 वर्ष निवासी संजयनगर सिठउपुरवा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात के कब्जे से 15 अदद क्वाटर ट्विन टावर ब्रांड देशी अवैध शराब बरामद होने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0- 188/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 21 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना गजनेर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना सट्टी पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 06 व्यक्तियों, थाना बरौर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति व थाना शिवली पुलिस द्वारा 06 व्यक्तियों का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।